बालाजी का नाम | By Bulbul Agarwal

राम सियाराम सियाराम सियाराम
राम सियाराम सियाराम सियाराम.....२

जपले मनवा बावरे बालाजी का नाम
इस नाम के सुमिरन से ही खुश हो जाते श्री राम
जपले मनवा बावरे बालाजी का नाम

यूँ तो राम नाम को कितने ही भक्तों ने ध्याया है
लेकिन राम का प्यारा केवल हनुमान कहलाया है
सारे भक्तों में इनको है मिला अलग सम्म्मान
जपले मनवा बावरे बालाजी का नाम

श्री राम की आज्ञा को कभी हनुमत टाल ना पाएंगे
तेरे जीवन में संजीवन हनुमान ही लाएंगे
तू राम को राजी रख ले फिर राजी है हनुमान
जपले मनवा बावरे बालाजी का नाम

राम नाम से दुनिया चलती इस पर हमें यकीन है
पर ये भी तो सच है भगवन भक्तों के आधीन हैं
सोनू ये भक्त निराला तू कर इसका गुणगान
जपले मनवा बावरे बालाजी का नाम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-bulbul-agarwal/